>

Title: Need to connect Dohrighat and Indara in Uttar Pradesh with broad gauge line.

श्री दारा सिंह चौहान (घोसी): महोदय, उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में स्थित दोहरीघाट, जो सरयू नदी के किनारे गोरखपुर और मऊ के मध्य स्थित है और हमारे संसदीय क्षेत्र का आखिरी छोर है। वहां पर बहुत पहले से छोटी रेल लाइन चली आ रही है। वहां पर छोटी लाइन मऊ से इन्दारा केवल 35 किलोमीटर है, जो अंग्रेजों के जमाने की है। उसका सर्वे भी चुका है और वहीं से सहजनवां गोरखपुर का भी सर्वे हो चुका है, लेकिन आज तक कई बार मांग करने के बाद भी वह छोटी लाइन बड़ी लाइन में नहीं बदल सकी। इसलिए मैं मांग करता हूं कि वह दोहरीघाट, जहां आदमी अपने अंतिम क्षणों में अंतिम संस्कार के लिए वहां जाता है, दूर-दूर से लोग वहां आते हैं, वहां के लोगों को अपनी नई जिंदगी शुरू करने का आज तक मौका नहीं मिला। इस रूट पर चार-चार टाउन एरिया हैं, बबिला, दोहरीघाट, घोसी, कोपागंज हैं, इसलिए मैं चाहता हूं कि इन्दारा और दोहरीघाट को बड़ी लाइन से जोड़कर वहां के लोगों को नई जिंदगी शुरू करने का अवसर दिया जाए। धन्यवाद।